एक नजर

दो बाइक भिड़ी, युवक युवती घायल

महू। [illegible]

पेंशन वृद्धि और आयुष्मान कार्ड की मांग

इंदौर। [illegible] 1000 [illegible] 5000 [illegible]

आनंद उत्सव

रस्साकस्सी मुकाबले में पुरूष टीम ने महिलाओं को हराया

महू। ग्राम कोदरिया में गुरूवार को मप्र शासन के आनंद उत्सव के तहत ग्राम पंचायत ने सरदार वल्लभ भाई पटेल शासकीय स्कूल ग्राउंड में महिलाओं एवं पुरूषों के मध्य रस्साकस्सी का जोरदार मुकाबला हुआ। जिसमें बाजी पुरूष टीम के हाथ लगी।

पुरूष टीम का नेतृत्व वरिष्ठ भाजपा नेता रामकिशोर शुक्ला ने किया। वहीं महिलाओं का प्रतिनिधित्व सरपंच अनुराधा जोशी ने किया। इस मुकाबले में पुरूष टीम विजयी रही। इसके बाद महिलाओं के मध्य कबड्डी व सितोलिया का मुकाबला हुआ। आनंद उत्सव के इस रोचक मुकाबले के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता रामकिशोर शुक्ला, गुलाब राजोरा, जनपद प्रतिनिधि संगीता तंबोली, जिला प्रतिनिधि ललिता निनामा, इंदरसिंह तंवर, सविता कौशल, सुषमा गौतम, संतोष मुले, श्याम केलोड़ा, विक्रम तंवर, माया पटेल, सुनिता लाहोरे, अनिता चौहान आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सचिव नरेंद्र पटियार, नवीन पटेल, आनंद पाटीदार, मुकेश आदि का सक्रिय योगदान रहा। संचालन वरिष्ठ भाजपा नेता अरूण जोशी ने किया।

विधायक बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के बीच पहुंची

महू। क्षेत्र की विधायक वा प्रदेश की मंत्री उषा ठाकुर नगर में आई और बूथ स्तर पर मीटिंग भी ली। आज सुबह मंत्री उषा ठाकुर वार्ड 7 के यादव मोहल्ले पहुंची। मंत्री उषा ठाकुर ने सभी कार्यकर्ताओं के केसरिया गमछा पहनाकर अभिवादन किया उसके बाद बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं से चर्चा की। इस दौरान मौजूद मीडिया ने जब उससे पंचायत चुनाव के लिए पूछा तो उन्होंने कहा चुनाव वैधानिक और आरक्षण के साथ तरीके से होगा। करोना मरीजों की लगातार बढ़ रही स्थिति पर उन्होंने कहा कि लोग जागरूकता रखें मास्क लगाए। भीड़भाड़ वाले इलाके में बेवजह जाने से बचे सरकार हर जरूरी कदम उठाकर लोगो को स्वास्थ्य लाभ दे रही है। हाल ही में सामने आए बेहद सनसनीखेज वा संवेदनशील रतलाम हिन्दू पलायन वाले मामले में चर्चा की तो मंत्री उषा ठाकुर ने कहा कलेक्टर खुद मौके पर गए थे मध्यप्रदेश में ऐसी घटना कही भी नही होने देंगे सरकार सजग वा सतर्क है।

कुशाभाऊ ठाकरे जन्म शताब्दी वर्ष के अंतर्गत हमसफर गढ़े चलोह बूथ विस्तारक कार्यक्रम में शक्ति केंद्र क्रमांक-7 के बूथ क्रमांक 163 यादव मोहल्ला में कैबिनेट मंत्री उषा ठाकुर एवं वरिष्ठ नेता शेखर बुंदेला, महामंत्री सुनील तिवारी, शैलेश गिरजे ने उपस्थित होकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बूथ विस्तारक महेश बागड़ी, पीयूष अग्रवाल जिला, बूथ प्रभारी कुंदन पाटनवाला, राजेश वर्मा, घनश्यान यादव, सुभाष कदम, राधेश्याम अग्रवाल, वेदप्रकाश यादव, कैलाश वर्मा, राजेश धीमान, रानी यादव, आशीष पाल, पंकज जोशी, सोनू भाऊ, नंदू वर्मा, दिलीप कौशल, नंदू गोहर, लखन यादव, मोना पटेल, सन्नी पाल आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी विधानसभा क्षेत्र मीडिया तथा कार्यकर्ताओं से देर तक चर्चा भी की प्रभारी बीके कौशल ने दी

फिर शीतलहर, बाजार से अंचल तक गर्म परिधानों में लिपटे नजर आए लोग

महू। देश - प्रदेश की तरह [illegible]

इंदौर। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट सांसद शंकर लालवानी महेन्द्र हार्डिया श्रीमती मालिनी गौड़ रमेश मेंदोला गौरव रणदिवे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। संभागायुक्त डॉक्टर पवन शर्मा और कलेक्टर श्री मनीष सिंह भी मौजूद रहे।

कोरोना काल के बिजली बिलों को माफ करने के लिए सीएम को पत्र लिखा

महू। इंदौर जिला महिला कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष शिखा अमित अग्रवाल द्वारा मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर विद्युत उपभोक्ताओं को कोरोना काल की बकाया राशि जोड़ कर भेजे गए विद्युत बिलों की राशि कम कर खासकर गरीब व माध्यम वर्ग के विद्युत उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने एवं बिलों में तकनीकी रूप से सुधार करते हुए सही वसूली करने की मांग की है। साथ उन्होंने पत्र में लिखा कि, उपरोक्त विषय अंतर्गत जनता को दिए गए बिल जो कि मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के नियमों के विरुद्ध गलत तरीके से जनता को दिए जा रहे हैं उन्हें तत्काल रूप से संशोधित कर, जनता को नियमानुसार सही बिल जारी करें। विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अधिकारियों द्वारा की जा रही आंकड़ों की जादूगरी जनता की लूट का पर्याय बन चुकी है।

कोरोना काल में जिन महीनों में रीडिंग नहीं ली गई है उन महीनों की इकट्ठा रीडिंग को उन महीनों में बराबर रूप से विभाजित कर (२ स्टीर ३६17 (ल्लू ड्रतों) बिल जारी किए जाएं जो टैरिफनुसार भी है एवं जनहित में भी होंगे लेकिन वर्तमान में देखने में आ रहा है अधिकारियों द्वारा मनमाने तरीके से एकत्रित रीडिंग को असमान तरीके से विभाजित किया जा रहा है जिससे जनता पर बिना वजह बिलो का भार बढ़ाया जा रहा है और उनसे लूट की जा रही है। विद्युत अधिकारीयो की मनमानी से 40% की लूट के बाद भी उपभोक्ता को अतिरिक्त भुगतान करना पड़ रहा है।

जनता के साथ की जा रही इस लूट को सहन नहीं किया जाएगा आपसे अनुरोध है शीघ्र अति शीघ्र उक्त बिलों के संबंध में नियम अनुसार कार्यवाही करते हुए जनता को सही बिल जारी किए जाएं अन्यथा जनता के साथ हो रही इस लूट के विरोध में महिला कांग्रेस सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन करेगी जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी मध्यप्रदेश शासन की होगी।

जेल में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

इंदौर। इंदौर की सेंट्रल जेल में क्रिकेट का आयोजन हुआ। कल इसका समापन हुआ। कैदियों ने खूब चौके छक्के लगाए हैं। दरअसल सेंट्रल जेल की अधीक्षक अलका सोनकर ने कैदियों को खेल भावना से जोड़ने के लिए इस टूर्नामेंट का आयोजन किया था। कुल 11 टीमें बनाई गई थी। जिसमें 10 कैदियों की थी और एक जेल विभाग के कर्मचारियों और अफसरों की। जेल कर्मचारियों की टीम तो फाइनल तक नहीं पहुंची। कैदियों की टीम कल आखिरी दिन तक किला लड़ाती रही। फाइनल मैच ब्लैक पैंथर और लायंस किंग के बीच हुआ। जहां टीम ब्लैक पैंथर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 175 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए पीच पर उतरी लायन किंग की टीम 140 रन पर ऑल आउट हो गई। क्रिकेट का कैदियों ने पूरा लुत्फ उठाया जो क्रिकेट खेल में शामिल नहीं हुए उन्होंने दर्शक दीर्घा में बैठकर क्रिकेट का आनंद लिया। जेल अधीक्षक अलका सोनकर का कहना है कि 2 साल से कोरोना की वजह से कैदियों के मानसिक और स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इन्हीं चीजों से उबारने के लिए स्पोर्ट्स टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था इस टूर्नामेंट की शुरूआत ३ तारीख को हुई थी लगभग 2 सप्ताह तक टूर्नामेंट चला कैदी इस दौरान काफी खुश नजर आए।

सीताअष्टमी के उपलक्ष्य में भजनों के माध्यम से मां सीता को याद किया

महू। गुरुवार को विश्व हिन्दू परिषद मातृशक्ति दुर्गावाहिनी द्वारा तहसील के स्थानीय श्रीरामनगर कॉलोनी में भजनों का आयोजन कर माता सीता को याद किया गया।

मातृशक्ति जिला संयोजिका पूजा खंडेलवाल ने बताया कि सिताष्टमी के उपलक्ष्य में मातृशक्तियों को एकत्रित कर माँ सीता के बारे में चर्चा की गई इसी दौरान 10 मातृशक्ति एवं 3 दुर्गावाहिनी को भी जोड़ा गया। कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं का स्वागत दिव्या एवं पूजा भदौरिया ने किया गया।

इस मौके पर भारत माता की आरती भी की गई तथा महिलाओं को हल्दी कुमकुम कर भगवा दुपट्टा भेंट किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्व हिन्दू परिषद मातृशक्ति दुर्गावाहिनी के जिला संयोजिका पूजा खंडेलवाल, जिला उपाध्यक्ष सुमन वेद, नगर संयोजिका प्रीति खंडेलवाल नगर उपाध्यक्ष अंजली श्रीवास्तव, नगर सत्संग प्रमुख आशा कौशल आदि मौजूद रही।

तिरछी नजर

खुले आम - खुला तेल

महू। खाद्य तेलों में मिलावट सहित गुणवत्ता आदि को लेकर शासन स्तर पर खुले खाद्य तेलों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। अब सिर्फ सीलबंद मार्को वाला विभिन्न वजन में ही विक्रय किया जा सकता है। किंतु शहर व आस - पास थोक व खेरची किराना, घी तेल शक्कर आदि की दुकानों से खुलेआम खुला तेल बेचा जा रहा है। जबकि आधा दर्जन थोक दुकानों से विकासखंड के साथ ही औद्योगिक नगरी, सहित आस - पास भी बड़ी मात्रा में खुला खाने का तेल विक्रय किया जा रहा है। जबकि लोकल स्तर पर भी कई ट्रेडमार्क लगाकर बिना किसी उचित अनुमति व नियम कायदे के पेक कर खरीदा - बेचा जा रहा है। जानकारी के अनुसार दो तीन थोक दुकानों से करोड़ो रूपए का तेल सहित अन्य किराना सामग्री हर माह दुकानदारी है, लेकिन जीएसटी सहित अन्य करो में खासा घालमेल है। और भी बहुत कुछ फिर कभी।

युवा नेतृत्व

जिला युवा मोर्चा के बाद अब मंडल स्तर पर मोर्चा कार्यकारिणी गठित की जाने की मशक्कत जारी है। सबसे ज्यादा अध्यक्ष पद के लिए मारामारी है। समर्पित व निष्ठावान कार्यकर्ताओं का कहना है कि इस बार किसी गुट या नेता आदि को उपकृत करने के बदले विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडल में उर्जावान व समर्पित कार्यकर्ताओं को ही मौका दिया जाए।

SATYA SHYAM TRADING LTD.

CIN : L51102MP1984PLC002664
Regd. Office : 110, Siyaganj, INDORE-452007 (M.P.) Ph. 0731-2533418, 2533602,
Website : www.satyashyam.com, E-mail : shyamsatya@rediffmail.com

NOTICE

Pursuant to Regulation 47(1)(a) of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, notice is hereby given that the meeting of the Board of Directors of the Company will be held on **Monday, the 31st of January, 2022 at 02:00 P.M.** at the Branch Office of the company at 4, Chittaranjan Avenue, Hindusthan Building, Kolkata-700072, interalia, to consider and approve Un-audited Financial Results for the 3rd Quarter ended on 31st December, 2021. The said notice is also available at company's website: **https://www.satyashyam.com/** and Metropolitan Stock Exchange of India Limited (MSEI) website at **https://www.msei.in** or **https://mylisting.msei.in**.

For Satya Shyam Trading Limited
Sd/-
Shiv Prasad Agarwal (Managing Director)
DIN: 00545387

Date : 20.01.2022
Place : INDORE

PUBLIC NOTICE FOR NAME CHANGE AFTER MARRIAGE

Ref No. 101/2022 Dated: 20.01.2022

KNOW All be notice that my client **Mrs. Sanika Purohit** w/o **Mr. Arjun Purohit**, residing at 901, Antilia-1, Skye Luxuria, Nipania, Indore - 452010 MP – INDIA, has given me instructions to issue Public Notice on her behalf. The name of my said client before her marriage was **Sanika Raje** daughter of **Rajendra Raje** and after her marriage with her husband **Mr. Arjun Purohit** she has changed her name as **Mrs. Sanika Purohit** w/o **Mr. Arjun Purohit**. In future she will be known by her present name i.e. by her new name **Mrs. Sanika Purohit** w/o **Mr. Arjun Purohit** or **Mrs. Sanika Arjun Purohit** for all purposes.

Advocate Chandrabhan Singh Rathore
60/2, Moti Tabela, Behind Collectorate, Indore - 452007 MP
Mobile No. +919926070000, +919229140000

सिस्टेमेटिक्स कार्पोरेट सर्विसेस लिमिटेड

CIN: L91990MP1985PLC002969
पंजीकृत कार्यालय: 206-207, बंसी ट्रेड सेन्टर, 581/5, एम.जी.रोड, इन्दौर-452001 (म.प्र.) फोन: 022-66198000 फैक्स: 022-66198029
ईमेल : secretarial@systematixgroup.in वेबसाइट : www.systematixgroup.in

सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि सिस्टेमेटिक्स कॉरपोरेट सर्विसेज लिमिटेड के नीचे उल्लिखित इक्विटी शेयरों के प्रमाणपत्र खो गए हैं / गुम हो गए हैं / चोरी हो गए हैं और उक्त इक्विटी शेयरों के धारक (धारकों), वारिस (ओं) ने कंपनी को आवेदन किया है डुप्लिकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करें। कोई भी व्यक्ति जिसका उक्त शेयरों के संबंध में कोई दावा है, उसे कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 15 दिनों के भीतर इसे दर्ज करना चाहिए, जिसके बाद किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा और कंपनी डुप्लिकेट जारी करने के लिए आगे बढ़ेगी और आवेदक को शेयर प्रमाण पत्र जारी कर दिये जायेंगे।

शेयर धारक का नाम	शेयर की संख्या	फोलियो नं	प्रमाण पत्र संख्या।	विशिष्ट संख्या
अभिषेक खंडेलवाल	500	00002483	36631-36635	3662701-3663200
दुर्गा खंडेलवाल	500	00002482	36626-36630	3662201-3662700
	500	00002484	36636-36640	3663201-3663700

स्थान : मुम्बई
दिनांक : 20/01/2022

सिस्टेमेटिक्स कार्पोरेट सर्विसेस लिमिटेड
हस्ताक्षर
कंपनी सचिव

डी. पी. आभूषण लिमिटेड

CIN: L74999MP2017PLC043234
Regd. Office: 138, चांदनी चौक, रतलाम (म.प्र.)-457001, भारत
दूरभाष क्रमांक: +91-7412-490966, 408900, E-mail: cs@dpjewellers.com; Website: www.dpjewellers.com

मुख्य बिंदु

विवरण	31-12-2021 को समाप्त तिमाही के लिए (Q3 FY21-22 vs Q3 FY20-21)
आय में वृद्धि	61%
इ बी आई डी टी ए में वृद्धि	69%
पी ए टी में वृद्धि	81%

31-12-2021 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष एवं तिमाही के लिए वित्तीय परिणाम

(आंकड़े लाख में)
(प्रति अंश आय को छोड़कर)

विवरण	समाप्त तिमाही के लिए 31-12-2021 अनअंकेक्षित	समाप्त तिमाही के लिए 31-12-2020 अनअंकेक्षित	समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए 31-03-2021 अंकेक्षित
व्यापार से कुल आय	66,814.20	41,429.48	1,21,828.36
शुद्ध लाभ, (कर और असाधारण वस्तुओं से पहले)	2,106.83	1175.17	3,663.53
शुद्ध लाभ, (कर से पहले और असाधारण वस्तुओं के बाद)	2,106.83	1175.17	3,663.53
शुद्ध लाभ, (कर और असाधारण वस्तुओं के बाद)	1,578.53	872.36	2,740.19
कुल व्यापक आय (कर एवं अन्य व्यापक आय के बाद)	1,578.53	872.36	2,740.19
सामान्य अंश पूंजी (प्रति अंश मूल्य 10/-)	2,225.49	2,225.49	2,225.49
संचय (पिछले वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकित संचय को छोड़कर)	-	-	7,482.45
प्रति अंश आय (जारी और बंद किए गए व्यापार के लिए)			
मूल: (समाप्त तिमाही के लिए, बिना वार्षिक किये)	7.09	3.92	12.31
विमिश्रित: (समाप्त तिमाही के लिए, बिना वार्षिक किये)	7.09	3.92	12.31

टिप्पणियाँ: - (1) उपरोक्त वित्तीय परिणाम सेबी (सूचि निर्धारण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के तहत नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड के साथ दायर वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक भाग है। 31-12-2021 को समाप्त तिमाही एवं संपूर्ण वित्तीय वर्ष वित्तीय परिणाम NSE की वेबसाइट www.nseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.dpjewellers.com पर उपलब्ध है। (2) उपरोक्त वित्तीय परिणाम, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखा मानक (इंडएएस), भारत में आमतौर पर स्वीकृत अन्य लेखांकन सिद्धांत और सेबी द्वारा समय-समय पर जारी प्रासंगिक परिपत्रों सहित सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 (संशोधित) के विनियम 33 के अनुसार (जहाँ तक लागू हो) तैयार किए गए हैं। (3) स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों की अतिरिक्त जानकारी निम्नानुसार है।

(आंकड़े लाख में)

विवरण	समाप्त तिमाही के लिए 31-12-2021 अनअंकेक्षित	समाप्त तिमाही के लिए 31-12-2020 अनअंकेक्षित	समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए 31-03-2021 अंकेक्षित
शुद्ध बिक्री / संचालन से आय	66,814.20	41,429.48	1,21,828.36
लाभ, (कर से पहले)	2,117.70	1175.17	3,669.55
लाभ, (कर के बाद)	1,583.39	872.36	2,746.21

दिनांक: जनवरी 20, 2022
स्थान: रतलाम

डी. पी. आभूषण लिमिटेड
-एसडी-
संतोष कटारिया, पूर्णकालिक निदेशक, DIN - 02855068

देवास जिल

एक नजर

टायर फटने से दुर्घटना के शिकार हो गए

देवास,(निप्र)। [illegible]

जेल के आसपास तीन दुकानों में चोरी

देवास,(निप्र)। [illegible]

जिला कार्यकारिणी एवं मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति

देवास,(निप्र)। [illegible]

प्रेस क्लब मनाएगा शहीद हेमू कालानी का बलिदान दिवस

देवास,(निप्र)। [illegible] 21 जनवरी को प्रातः 11:30 बजे [illegible]

मुख्यमंत्री हितग्राही के घर करेंगे भोजन

देवास,(निप्र)। [illegible]

न्यायालय ने पेंशनरों के पक्ष में लंबित छठे वेतनमान एरियर्स का निपटारा किया

[illegible]